तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

### जेल प्रबंधन द्वारा की जा रही फलाहार की व्यवस्था

## जिला जेल में 32 बंदी नवरात्रि में कर रहे हैं उपवास, बह रही है भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि के अवसर पर सभी तरफ मां की भक्ति की बयार बह रही है तो वहीं दूसरी ओर जेल की चारदीवारी के भीतर भी मां जगदंबा की पूजा अर्चना कर 32 कैदी मां की उपवास कर आराधना में जुटे हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में सभी देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है तो वहीं दूसरी ओर शहर सहित उपनगरीय क्षेत्र में दुर्गा पंडालों में भारी संख्या में श्रद्धालु पंडाल देखने व माता की आराधना के लिए पहुंच रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जिला जेल में भी मां की भक्ति की बयार बह रही है। जिला जेल में कुल 216 बंदी बंद है जिसमें से 32 बंदी 9 दिनों तक उपवास के माध्यम से मां की आराधना कर रहे हैं। बताया जाता है कि जेल में प्रतिदिन सुबह और शाम उपवास करने वाले बंदियों के साथ-साथ का मां की पूजा अर्चना कर भक्ति में लीन हैं। जेल प्रबंधन द्वारा इन उपवास करने वाले बंदियों को जेल मैनुअल के तहत फलाहार की व्यवस्था भी की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर जेल में लगातार भक्ति से माहौल भी बेहतर बना हुआ है।



फाइल फोटो

### 32 बंदी नवरात्रि में कर रहे हैं उपवास

जिला जेल में 216 बंदी बंद हैं जिसमें 32 बंदी नवरात्रि में उपवास कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह और शाम को व्रत करने वाले बंदी मां की आराधना में जुटे हुए हैं। जेल मेनू के तहत व्रती बंदियों को फलाहार उपलब्ध कराया जा रहा है।

-**अमितेश साहू,** जेलर, जिला जेल कोरबा

### चार महिला भी हैं शामिल हैं उपवास में

जेलर अमितेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि शारदीय नवरात्रि की धूम मची हुई है। साथ ही देवी मां के भक्त मां की आस्था में लगे हुए हैं। वहीं हर तरफ आस्था का सैलाब बह रहा है। इस बीच कोरबा जिला जेल में भी जगत जननी माँ जगदंबा की आराधना बड़े ही धूमधाम से की जा रही है। जिला जेल में बंद 32 कैदियों ने उपवास रखा है। जिसमें 4 महिलाएं भी शामिल हैं। व्रत रखने वाले बंदियों की पूजापाठ के साथ ही फलाहार की व्यवस्था जेल प्रबंधन की तरफ से की गई है।

## दुर्गा देखने पड़ोसी जिले गया था परिवार, चोरों ने दो मकानों में बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**कोरबा-मड़वारानी।** एक परिवार अपने घर में ताला बंदकर पड़ोसी जिले जिला जांजगीर चांपा में मां दुर्गा की पंडाल को देखने के लिए गए थे इस दौरान अज्ञात चोरों ने उसके घर में धावा बोलकर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।



मामला उरगा थाना अंतर्गत ग्राम फरसवानी (संजयनगर) का है। यहां निवासरत राकेश श्रीवास व नंदलाल केंवट के घर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि राकेश श्रीवास अपने परिवार सहित नैला मां दुर्गा पंडाल देखने गया था इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर साफ कर दिया है। बताया जा रहा है कि चोरों ने दोनों घरों से लाखों रुपए से सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी की चोरी की है। राकेश श्रीवास एवं नंदलाल केवट परिवार को चोरी की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग जा पहुंचे थे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।






## खबर संक्षेप



### छग अखबार वितरक संघ ने किया जगद्गुरु रामभद्राचार्य का सम्मान

**कोरबा।** छग अखबार वितरक संघ ने रविवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज का सम्मान किया। इस अवसर पर संघ की ओर से उन्हें साल, श्रीफल और मां सर्वमंगला का चित्र सप्रेम भेंट किया गया। संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अखबार वितरक संघ के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने हेतु उनके आशीर्वाद भी प्राप्त किए। भवानी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कृष्ण जन्मभूमि तो मथुरा है, परंतु छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। शीघ्र ही कोरबा में माता कौशल्या का भव्य धाम स्थापित होगा। इस अवसर पर छग अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल, बालको इकाई के संरक्षक रेशम लाल साहू, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जयकुमार नेताम, कोसा अध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, एनटीपीसी इकाई सचिव रविंद्र सब, सचिन राय सिंह, बालको इकाई कोषाध्यक्ष राकेश साहू सहित संघ के अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

### वृद्धा शशि राव ने किया रामलला का दर्शन

**कोरबा।** पति के मौत के बाद वृद्धा शशी राव ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन उन्हें भी मुफ्त में तीर्थ यात्रा का मौका मिलेगा। उन्हें नहीं लगता नहीं था कि वह अब कभी रामलला का दर्शन करने अयोध्या जा पाएगी। जब से अयोध्या में राम मंदिर बना और रामलला विराजमान हुए तब से बेवा शशी राव की इच्छा थी कि वह भी भगवान राम का दर्शन करें। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तीर्थ यात्रियों का चयन किए जाने के लिए आवेदन मंगाए जाने पर शशीराव ने भी अपना नाम लिखवाया और वह भाग्यशाली रही कि लॉटरी में भी नाम निकल आया। अपना नाम आने के बाद खुद को सौभाग्यशाली मानते हुए शशीराव ने खुशी-खुशी अपने गांव से अयोध्या तक यात्रा की और अयोध्या जाकर अपनी इच्छाओं को पूरा किया। अयोध्या से रामलला का दर्शन करने के बाद खुद को धन्य समझने वाली वृद्धा शशीराव अपनी तीर्थ यात्रा को याद कर खुशियां में समा जाती है और मुख्यमंत्री विश्णुदेव साय सहित छत्तीसगढ़ की सरकार को कोटि-कोटि धन्यवाद करना नहीं भूलती। 20 अगस्त को यात्रा करने वाली वृद्धा शशी राव ने आने वाले समय में वृंदावन, जगन्नाथ पुरी जाने की इच्छा भी जताई।

### स्कूल में यातायात जागरूकता और साइबर अपराध पर कार्यक्रम



**कोरबा।** तिलकेजा में सजग कोरबा अभियान के तहत यातायात जागरूकता एवं साइबर अपराध से बचाव विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय एवं हिंदी माध्यम शाला, तिलकेजा परिसर में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क करना था। कार्यक्रम में ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर ने उपस्थित विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है, इसलिए हमेशा ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को समझाया कि बचपन से ही यदि सही ट्रैफिक आदतें विकसित की जाएं तो भविष्य में सड़क हादसों को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके साथ ही, साइबर अपराध और महिला सशक्तिकरण पर भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि इंटरनेट और सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करना आवश्यक है। बच्चों को फर्जी कॉल, लिंक और अनजान व्यक्तियों से मिलने वाले संदेशों के खतरे से अवगत कराया गया।

### पुलिस एवं सीआईएसएफ द्वारा संयुक्त फायर एंड सेफ्टी ड्रिल का आयोजन

**कोरबा।** जिला पुलिस बल एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के संयुक्त तत्वावधान में आज पुलिस लाइन में एक फायर एंड सेफ्टी ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। इस ड्रिल में जिला पुलिस बल एवं सीआईएसएफ के अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया तथा आगजनी एवं अन्य आपदा परिदृश्यों से निपटने के लिए समन्वय, बचाव एवं सुरक्षा कार्यों का अभ्यास किया। पूरे आयोजन का संचालन सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया गया, जिससे बलों की तैयारी और उनकी आपसी तालमेल की उत्कृष्टता सामने आई। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी कहा कि इस प्रकार की संयुक्त ड्रिल न केवल सुरक्षा बलों की क्षमता को बढ़ाती है, बल्कि आम नागरिकों में भी सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संचार करती है।

नियमितीकरण सहित चार सूत्रीय मांग

# प्रबंधन के साथ द्विपक्षीय वार्ता रही बेनतीजा बिजली संविदा संघ चरणबद्ध आंदोलन पर अड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले संविदा बिजली कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन कर रहे है। 19 सितंबर को पहले चरण के आंदोलन के बाद बीते दिनों बिजली कंपनी प्रबंधन ने छत्तीसगढ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों वार्ता के लिए आमंत्रित किया। प्रबंधन के साथ घंटो हुई वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। संगठन मांग पूरी नहीं होने तक चरणबद्ध आंदोलन पर अड़ा है।

**खास बात**

- 1-2 अक्टूबर को सांकेतिक कामबंद हड़ताल पर रहेंगे कर्मचारी

छत्तीसगढ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ नियमितीकरण सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। पहले चरण में क्षेत्रीय मुख्यालयों के सामने प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा गया है। इस आंदोलन के बाद प्रबंधन के बुलावे पर कार्यपालक निदेशक औद्योगिक संबंध व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में द्विपीक्षय वार्ता हुई। इसमें संगठन की ओर से महामंत्री कमलेश भारद्वाज, अध्यक्ष हरिचरण साहू, प्रदीप कुमार राठौर, रीजन अध्यक्ष संदीप गजभिए, शनिकार्तिकेय, अमित साहू, मनोज देवांगन और लखन पटेल शामिल हुए। जिसमें संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। महामंत्री कमलेश भारद्वाज की ओर से बैठक में प्रबंधन से कहा गया कि दूसरे चरण के आंदोलन के पहले नियमितीकरण की मांग पूरी होनी चाहिए। इस मांग पर प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों को नहीं करने और आगामी दिनों में मांगों से जुड़े मुददों पर बिजली कंपनी के चेयरमैन के साथ वार्ता और जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया गया लेकिन संगठन के पदाधिकारियों ने इससे इंकार करते हुए अगली बार मीटिंग वितरण व पारेषण कंपनी के चेयरमैन के साथ ही वार्ता कराने की मांग की गई। वार्ता के बाद संविदा कर्मचारी संघ ने कहा है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। दूसरे चरण के आंदोलन में 1 अक्टूबर को एक दिवसीय सांकेतिक कामबंद किया जाएगा। वहीं 2 अक्टूबर को भी संविदा बिजली कर्मचारी काम का बहिष्कार करेंगे।

# कटघोरा में 80 फुट ऊंचा रावण बनेगा आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



नगर में इस वर्ष दशहरा उत्सव बड़ी धूमधाम और भव्यता के साथ मनाने की तैयारियाँ जोरों पर है। दशहरा उत्सव समिति कटघोरा द्वारा आयोजन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार का आयोजन नगर के प्रसिद्ध मेला मैदान में किया जाएगा, जहां रावण दहन और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार मंचन होगा।

**खास बात**

- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

इस वर्ष समिति द्वारा 80 फुट ऊँचे रावण के पुतले का निर्माण कराया जा रहा है, जो लोगों के लिए मुख्य आकर्षण रहेगा इसके निर्माण की शुरुआत रविवार को मेला मैदान में नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल ने विधिवत पूजा कर लोहे के स्ट्रक्चर की कांकृतिंग कर उसे खड़ा किया। इसके बाद कारीगरों ने रावण का ढांचा तैयार करना प्रारंभ कर दिया। पूजन के अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं नगर के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इनमें राज जायसवाल, गोपाल शर्मा, पवन अग्रवाल, संजय शर्मा, राजीव लखनपाल, चंदन बघेल, आकाश शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुकेश गोयल, आशुतोष शर्मा, राहुल डिक्सेना, राजकुमार अग्रवाल, सतीश धनोदिया, अजय धनोदिया, विष्णु जायसवाल, लक्ष्मी गर्ग, शारदा पाल, हरि दिवाकर, गोपाल बन गोस्वामी सहित अन्य लोग शामिल हुए। आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी खास बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता छोटे लाल साहू, जिन्होंने हंस झन पगली फंस जाबे, ले शुरू होंगे मया के कहानी, चल हट कोनो देख लिही जैसी हिट फिल्में बनाई हैं, उनके प्रसिद्ध लोककला मंच "जहुरिया" की विशेष प्रस्तुति होगी। इस मंच पर सुपरहिट गायक-गायिका और डांस ग्रुप दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगे। कटघोरा नगर इन दिनों मां दुर्गा की भक्ति व उपासना का पर्व नवरात्रि व दशहरा उत्सव की तैयारियों में डूबा हुआ है। नगरवासियों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी इस भव्य आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। रंगारंग कार्यक्रम, आतिशबाज़ी और 80 फुट ऊँचा रावण का पुतला इस बार के दशहरा उत्सव को यादगार बनाने वाला है।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क**

हर वर्ष की तरह इस बार भी नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से हजारों की संख्या में लोग दशहरा पर्व का आनंद लेने पहुंचेंगे। भीड़ को ध्यान में रखते हुए कटघोरा पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि दशहरा के दिन शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा और उनके लिए वैकल्पिक रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा। साथ ही, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

# बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में झांकी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



श्रीराम जस झांकी बिटकुला के द्वारा बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में विशेष झांकी के रूप में भगवान शंकर माता पार्वती विवाह, भूत भगाये चंदवा बैगा, शबरी के राम आएंगें, नेवरात निकालना, शिर्डी के साईं बाबा, महाकाली का रूद्र रूप, माता पार्वती के मायके जाने पर भगवान भोले, भगवान गणेश, कार्तिक जी का नृत्य, शेरों पर सवार माता दुर्गा, श्रवण कुमार अपने माता पिता को काँवर में उठाये जाते हुए, विशेष नंदी, बब्बर शेर, भद्रकाली, भूत भगाना एवं विभिन्न प्रकार के झांकी कार्यक्रम से दर्शकों को अपने ओर आकर्षित करते हुए मन मोह लिया। इस झांकी कार्यक्रम में बच्चे, बूढ़े व महिलाएं अधिक संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर,सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, आचार्य हीरालाल पांडेय, नरेंद्र साहू, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव, दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर, तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर, जयप्रकाश राठौर, ब्यास राठौर, वीरेंद्र पटेल, यशवंत राठौर, डॉ गणेश प्रभुवा, देवेश शर्मा, राजू गुप्ता, बंटी राठौर, पंडा रमेश दास महंत, आनंद सिंह, महावीर डिक्सेना, हेम साहू, रामलाल प्रजापति, यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, किशोर यादव, कांति राठौर, यदुराज राठौर, राजू राठौर, राहुल यादव, रमेश प्रजापति, आकाश जायसवाल, समीर जायसवाल, धनंजय धुरवा, आशीष अग्रवाल, बॉबी राठौर, संजय राठौर, आशीष अग्रवाल, चंदराम यादव, आसुतोष बंजारे, बबला मरकाम, विकास कंवर, प्रताप कंवर, परमेश्वर निर्मलकर, प्रवीण गुरुद्वान, राहूल डिक्सेना, विक्की यादव, राहुल राठौर, शिवम जायसवाल, शिवा राठौर, वैभव राठौर, राहुल प्रजापति के अलावा समिति के सदस्य अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# आर्यन पब्लिक स्कूल में मनाया गया डांडिया उत्सव



डांडिया करते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्रामीण अंचल में आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा प्रदत्त करने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार, झाबर एवं गेवरा बस्ती में बच्चों के द्वारा डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम मां दुर्गा की पूजा अर्चना विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं द्वारा किया गया। तत्पश्चात सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे ने आयोजन पर कहा कि मां दुर्गा शक्ति एवं नवीन ऊर्जा प्रदत्त करने वाली देवी हैं। निश्चित ही इससे सभी छात्र छात्राओं में नवीन ऊर्जा एवं उत्साह का संचार होगा। ऐसे आयोजन हमारे सनातन संस्कृति से बच्चों को अवगत कराने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अंत में कहा कि इस नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा का आशीर्वाद अंचल के समस्त सनातन बंधुओं पर सदैव बनी रहे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा किए गए मनमोहक डांडिया नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम हेतु सभी छात्र एवं छात्राएं डांडिया हेतु कुर्ता पायजामा एवं साड़ी पहन कर विद्यालय आये थे। पालकों ने भी,खुले मन से कार्यक्रम की सराहना की एवं भविष्य में भी ऐसे आयोजन कराये जाने का आग्रह किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे, श्रीमती अतोषी बनर्जी, श्रीमती चंद्रकला राठौर, श्रीमती गोदावरी देवांगन, श्रीमती रेवती यादव, श्रीमती नीलू साहू, श्रीमती झरोखा, संभावी, सुधा, प्रतिमा, लक्ष्मीन, रोशनी, मुस्कान, आभा आदि की विशेष भूमिका रही।

# शेरावाली मंदिर में गरबा डांडिया की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**गेवरा दीपका।** आदर्श नगर कुसमुंडा के शेरावाली मंदिर में लोग डांडिया और गरबा में मस्त रहे। महिलाएं रंग बिरंगी वेशभूषा के साथ बारिश में गरबा करते रहे। नवरात्रि को लेकर दिनभर मंदिरों में पूजा अर्चना और अनुष्ठानों के बाद रात के समय गरबा उत्सव की धूम मची है। बच्चे और बूढ़े सभी नवरात्रि को अपने ही अंदाज में मना रहे हैं। रात होते ही गरबा पंडालों की आकर्षक रोशनी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। माता रानी की आरती के बाद गरबा शुरू होता है। गुजराती के साथ ही फिल्मी और रीमिक्स गानों की धुन पर देर रात तक युवतियां कदम से कदम मिलाकर डांडिया खेलने में मस्त है तो वहीं महिलाएं और छोटे बच्चे की टोलियां अपने ही अंदाज में गरबा खेल रहे थे। खासकर महिलाएं युवतियां और बच्चे गरबा का लुत्फ उठा रहे हैं। देर रात तक डीजे की धुनो पर गरबा खेला जा रहा है। आदर्श नगर में गरबा का जबरदस्त उत्सव है। कार्यक्रम में डांडिया कार्यक्रम प्रमुख परमजीत कौर, व्यवस्थापक श्रीमती रूपा सिंह, विनती चौधरी, श्रीमती प्रेमलता, श्रीमती ममता राठौर, श्रीमती रूपी गुप्ता, श्रीमती उमा सोनी, श्रीमती तुलेश्वरी साहू, श्रीमती मंजू यादव, श्रीमती निर्मलजीत कौर, श्रीमती मिशा रंधावा, श्रीमती रानी झा आदि उपस्थित रहे।



गरबा करने पहुंची महिलाएं।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई शहीद भगत सिंह जयंती



भगत सिंह की जयंती मनाते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कार्यालय में शहीद भगत सिंह की 118वीं जयंती कार्यक्रम मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि भारत की आजादी के इतिहास को जिन अमर शहीदों के रक्त से लिखा गया है जिन शूर वीरों के बलिदान ने भारतीय जनमानस को सर्वाधिक उद्धेलित किया है, जिन्होंने अपनी राजनीति से साम्राज्यवादियों को लोहे के चने चबवाएं हैं, जिन्होंने परतंत्रता की बेड़ियों को छिन्न भिन्न कर स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया है तथा जिन पर जन्मभूमि को गर्व है उनमें से एक भगत सिंह है। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने शहीद भगत सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थू लाल यादव ने बताया कि फांसी देने के बाद इनके मृत शरीर को उनके परिजनों को नहीं सौंपा गया। ब्रिटिश सरकार ने इन्हें और अपमानित करना चाहा और इन तीनों के मृत शरीर को टुकड़ों में विभाजित कर बोरियों में भरकर पिछे के दरवाजे से निकालकर रातों रात चुपचाप फिरोजपुर के पास सतजल के किनारे मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगा दी गई। कार्यक्रम को पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पार्षद मुकेश राठौर, अनुज जायसवाल, नारायण कुर्रे, डॉ रामगोपाल कुर्रे, लक्ष्मी नारायण देवांगन, गजानंद साहू, गणेश दास, जवाहर निर्मलकर, मनमोहन यादव, रमेश वर्मा, पूर्व पार्षद पालुराम साहू, शशि अग्रवाल, गोपाल यादव, कार्यालय महामंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# धतूरा में विराजित मां दुर्गा की विधायक ने की पूजा अर्चना



मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते विधायक श्री पटेल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम धतूरा के सरगुजिहा पारा हर वर्ष की तरह वर्ष भी मां दुर्गा स्थापित हुई जिसमें कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद पटेल ने मां दुर्गा से आशीर्वाद लिया और आचार्य लक्ष्मी प्रसाद तिवारी से भी आशीर्वाद और ग्राम वासी और क्षेत्रवासी के खुशहाली के लिए कामना की और विधायक ने हमें बताया किशाक्त सम्प्रदाय की वह मुख्य देवी हैं। दुर्गा को आदि शक्ति, परम भगवती परब्रह्म बताया गया है। वह अंधकार व अज्ञानता रुपी राक्षसों से रक्षा करने वाली, ममतामई, मोक्ष प्रदायनी तथा कल्याणकारी हैं। इस बीच जहां उपस्थित छोटेलाल पटेल, मन्नू राठौर, दिलीप पटेल एवं ग्राम धतुरा से चैतराम केंवट, नकुल सिंह पोर्ते, गंगा प्रसाद राठौर, तीजराम कौशिक, रामानंद कौशिक,रवि लाल जांगड़े, चिंता राम केंवट, रवि राठौर,लव पोर्ते, जग्गू पोर्ते,गिरजानांद कौशिक, अजित कौशिक,रामानंद कौशिक, सागर केंवट,जीवन मरकाम, खोलबाहरा केंवट,कोमल जांगड़े, राम मरकाम, लखन मरकाम एवं भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# विश्व हृदय दिवस पर डॉ. चंदानी का संदेश

**कोरबा।** हृदय रोगों को गंभीरता से लें और समय रहते अपनी जीवनशैली में बदलाव करें। हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि युवा वर्ग भी तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। बदलती जीवनशैली, तनाव, धूम्रपान, शराब और अनियमित खानपान इसके प्रमुख कारण हैं।



**हेल्थ प्लस**

- दिल है तो जिंदगी है, इसे संभालना हमारा जिम्मेदारी है

उक्त बातें विश्व हृदय दिवस के अवसर पर न्यू कोरबा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.एस चंदानी ने कही। उन्होंने आमजन से अपील की है कि प्रत्येक व्यक्ति को सीपीआर (कार्डिओपल्मोनरी रिससिटेशन) की बुनियादी जानकारी होनी चाहिए। यह ऐसी जीवन रक्षक तकनीक है जो अचानक हृदयगति रुक जाने की स्थिति में किसी की जान बचा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपनी पूरी जिंदगी में केवल एक व्यक्ति की जान भी बचा पाते हैं, तो यह हमारे जीवन की सबसे बड़ी सफलता होगी। न्यू कोरबा हॉस्पिटल लगातार समाजहित में निःशुल्क सीपीआर प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है। यदि कोई संस्था, विद्यालय, महाविद्यालय या पुलिस विभाग सामूहिक प्रशिक्षण चाहता है तो एनकेएच इसके लिए विशेष सत्र आयोजित करने को तैयार है। देश में हृदय रोग मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुका है, लेकिन जागरूकता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय पर जांच से लगभग 80 प्रतिशत हृदय रोगों को रोका जा सकता है।

**समाज के नाम अपील**

संतुलित आहार और योग-व्यायाम को अपनाएँ। धूम्रपान और शराब से दूर रहें। ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जाँच कराएँ।, सीपीआर सीखें और दूसरों को भी प्रेरित करें। अस्पताल अब तक सैकड़ों नागरिकों और पुलिस कर्मियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दे चुका है। डॉ.चंदानी ने कहा कि स्वस्थ दिल ही स्वस्थ समाज की नींव है। विश्व हृदय दिवस पर हम सब संकल्प लें कि अपने दिल की रक्षा करेंगे, सीपीआर सीखेंगे और एक-दूसरे का जीवन सुरक्षित बनाएंगे।

# जिले के बाक्सर्स ने देवभूमि में दिखाया कौशल, जीते 7 मेडल



विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश किकबाक्सिंग एसोसियेशन के तत्वाधान में सोलन में 22 से 26 सितंबर तक जूनियर (बालक बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से 700 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में राज्य के विभिन्न जिलों के 33 बालक बालिका खिलाड़ियों विभिन्न वजन वर्गो में एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदिवान, ऑफिसियल प्रभात साहू, लोकिता चौहान,,सर्वर एक्का, अमन सोनी, सूरज साहू, वरुण बाग के साथ हिस्सा लिया। सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा से बालक वर्ग में रजत गोयल एवं आमीन खान ने स्वर्ण पदक जीता। इसी अनुक्रम में सिद्धि सोनवानी एवं सुयश नामदेव ने रजत पदक तथा मयंक सिंह आस्था गुप्ता, सिद्धि सिंह सोनवानी ने कांस्य पदक जीता। इस प्रकार जिले के खिलाडियों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीतकर जिले और राज्य को गौरवान्वित किया है। उक्त प्रतियोगिता ग्लोबल स्पोर्टडाटा मैनेजमेंट सिस्टम और आरस्पोर्ट्स सदस्यता प्रणाली के माध्यम से किए गए एवं प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र भारत सरकार के ऐप डिजी लाकर में भी अद्यतन किए जाएंगे।

## पंडालों में विराजी मां



महागौरी दुर्गोत्व समिति कटघोरा।


महिला मंडल सीएसईबी कालोनी।


सुपर एफ पंडाल सीएसईबी कॉलोनी।


टीपी नगर कोरबा।


दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति कोसाबाड़ी कोरबा।


रामपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दुर्गा उत्सव समिति पुराना पंडाल।

## नवरात्र पर भक्ति की बह रही बयार...


पहाड़ों में विराजित मां मड़वारानी।


दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी भीड़

### सबसे अधिक ऑटो मोबाइल, सराफा बाजार और कपड़ा सेक्टर में कारोबार की उम्मीद

# बोनस से बाजार होगा गुलजार, बेहतर कारोबार के लिए तैयार हैं कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

त्योहारी में कर्मचारियों को मिलने वाली बोनस पर बाजार की नजर टिकी है। इस पैसे से बाजार में तेजी आएंगी। जेब में नोट आने से लोग खुब खरीदारी करेंगे। इसके लिए बाजार खुद को तैयार करने लगा हुआ है। ऑटो मोबाइल सेक्टर से लेकर सराफा और कपड़ा से लेकर लेक्ट्रॉनिक्स बाजार में कारोबार की उम्मीद बंधी है। व्यापारी कारोबार में उछाल आने की उम्मीद कर रहे हैं। ऑटो मोबाइल सेक्टर में अभी से खरीदी के लिए गाड़ियों की बुकिंग चालू हो गई है।

जिले में सार्वजनिक व निजी कारखानों में लगभग 18 से 20 हजार कर्मचारी काम करते हैं। इसमें करीब 8 से 10 हजार कर्मचारी हजार कर्मी कोयला खदान, एनटीपीसी, विद्युत कंपनी और बालको में नियोजित हैं। इन्हीं उपक्रमों में काम करने वाले नियमित कर्मचारियों को सबसे ज्यादा बोनस मिलती है। एक अनुमान के अनुसार इस बार इन कर्मियों के बीच लगभग 1 अरब रुपए से अधिक की बोनस बंटने की संभावना है। बाजार की उम्मीद बोनस पर टिकी है। व्यापारियों ने कोराबार के लिए माल का भंडारण चालू कर दिया है। शहर में पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश से कपड़े मंगाए जा रहे हैं। ऑटो मोबाइल कंपनियों की शो रूम भी गाड़ियों से सजने लगी है। 3 से 5 हजार दोपहिया और करीब 5 सौ चारपहिया गाड़ियों की बिक्री की उम्मीद है। इसकी बुकिंग चालू हो गई है। जिले की पहचान औद्योगिक नगरी से है। यहां की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार उद्योगों पर निर्भित है। ऊर्जानगरी में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों के अलावा अन्य राज्यों से आए लोग भी रहते हैं। उनका परिवार यहां के उद्योगों पर परोक्ष या अपरोक्ष रूप से आश्रित है। पिछले साल कोयला कर्मियों को 93 हजार 750 हजार रुपए तक बोनस मिला था। इस साल कोयला कर्मियों को बोनस के 1 लाख 3 हजार रुपए दिया गया है।


खरीददारी करते ग्राहक।

### एनटीपीसी और बालको में सबसे अधिक बोनस

कोयला उद्योग में जहां कर्मचारियों की संख्या सबसे ज्यादा है, वहीं एनटीपीसी और बालको में कम लेकिन हर साल एनटीपीसी और बालको के नियमित कर्मचारियों को सबसे अधिक बोनस मिलती है। इस साल भी इन्हीं कर्मचारियों क सबसे अधिक बोनस मिल रहा है। इसके पीछे पूर्व वित्तीय वर्ष में दोनों कंपनियों आर्थिक लाभ है।

### इस साल अधिक कारोबार की उम्मीद

तैयारी सीजन में बाजार सबसे अधिक पैसा एसईसीएल, एनटीपीसी और की बोनस से आता है। इसपर बाजार की नजर है। उम्मीद है कि पिछले साल से इस साल कारोबार अधिक होगा, बाजार इसके लिए अभी से तैयार हो रहा है।
**-योगेश जैन,** अध्यक्ष, चैम्बर आफ कामर्स

### सबसे कम सीएसईबी में बोनस

सबसे कम बोनस छत्तीसगढ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कर्मचारियों को मिलता है। पिछले साल 11 हजार रुपए तक का बोनस मिला था। इसबार भी इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। हालांकि बिजली कंपनी अपने कर्मचारियों को बोनस दीपावली के समय देती है।

## विकास कार्यों का किया जाएगा भूमिपूजन

**चैतमा।** दुर्गा उत्सव एवं नवरात्रि समिति के सदस्यों ने पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम से मुलाकात कर आमंत्रण दिया गया। ग्राम पंचायत चैतमा के दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य योगेश आदिल एवं अन्य लोगों ने श्री मरकाम से पाली रेस्ट हाउस में मुलाकात कर चैतमा में आने के लिए निमंत्रण दिया तथा अधूरे कार्यों के भी विषय में उन्हें अवगत कराया जिसपर उन्होंने 1 अक्टूबर को चैतमा आने की बात कही। उनके आने पर शिव मंदिर रेलिंग निर्माण एवं गांधी बाग, महतारी सदन एवं आंगनबाड़ी का भूमिपूजन कराया जाएगा।

## नवरात्रि, बुराई पर अच्छाई की जीत का देती है संदेश : मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी खरमोरा के विद्यालय प्रांगण में नवरात्रि पर्व पर जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ चिह्नित किया, जो परंपरा और समुदाय के उत्सव में छात्रों, कर्मचारियों और माता -पिता को एक साथ लाया। स्कूल परिसर में आयोजित उत्सवों में ऊर्जावान गरबा नृत्य प्रदर्शन, वाक्पटु भाषण और एक रचनात्मक फैंसी पोशाक प्रतियोगिता शामिल थी। विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा नवरात्रि एक त्योहार है जो बुराई और भक्ति की शक्ति पर भलाई की विजय का जश्न मनाता है, हमारे छात्रों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से इस भावना को खूबसूरती से अवतार लिया है न केवल उनकी प्रतिभा को दिखाते हुए बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए उनका गहरा सम्मान भी दिखाया है। कार्यक्रम में श्रीमती मंजू तिवारी, प्राचार्य आत्मानंद स्कूल, दादरखुर्द विद्यालय की नोडल अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उनकी उपस्थिति ने समारोह के लिए प्रेरणा का एक स्पर्श जोड़ा और उन्होंने शैक्षणिक और सांस्कृतिक दोनों उत्कृष्टता दोनों को पोषित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के लिए स्कूल की सराहना की। श्रीमती तिवारी ने कहा नवरात्रि सिर्फ नृत्य और भक्ति का त्योहार नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है।


कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षिकाएं।

## मधुमक्खी पालन के लिए किसानों को प्रशिक्षण

**सीतापुर।** राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के तहत किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल एवं निदेशक डॉ एस एस टुटेजा के निर्देश पर कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया है। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता राजमोहनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र अजिरमा डॉ नीलम चौकसे ने मधुमक्खी पालन के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेश चौकसे ने बताया कि हमारे क्षेत्र का माहौल मधुमक्खी पालन के अनुकूल है।

## अंधेरे रास्ते पर सफर कर दर्शन करने पहुंच रहे भक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

पहाड़ों वाली मां मड़वारानी का दरबार सज चुका है मां मड़वारानी के दर्शन करने भक्त बड़ी संख्या में पहुंच रहे है पर भक्तों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पानी के समस्या तो माता के दरबार के लिए कोई नई समस्या नहीं है इस समस्या से तो माता के दरबार में आने वाले भक्तों जूझना ही पड़ता है पर इस बार एक और नई समस्या भक्तों को परेशान कर रही है। सूर्यास्त के बाद माता के दरबार में जाने वाले तथा आने वाले भक्त जंगली जानवरों से भरे रास्ते पर अंधेरे में आने जाने को विवश है, क्योंकि क्रेडा विभाग के द्वारा पहाड़ के नीचे से लेकर माता के दरबार पर जो लाइट लगाई गई थी वो खराब हो चुकी है और विभाग को इसकी सुध लेने का समय नहीं मिल रहा है और शायद जब तक विभाग अपनी कुंभकर्णीय निद्रा से जागेगा तब तक मां मड़वारानी के दरबार में नवरात्रि का पर्व समाप्त हो जाएगा। ज्ञात हो कि मां मड़वारानी के मंदिर तक जाने का रास्ता जंगल के बीच से होकर गुजरता है जो कि विभिन्न प्रकार के जंगली जानवरों और जीव जंतुओं का रह निवास है। अक्सर इस रास्ते पर भक्तों का भालू ,जंगली सुवर तथा अनेक प्रकार के जीव जंतुओं से सामना हो जाता है जिससे पूर्व में अनेक प्रकार की दुर्घटनाएं हो चुकी है जिसे देखते हुए तत्कालीन सांसद बंशीलाल महतो की पहल पर खनिज न्यास मद से क्रेड़ा विभाग द्वारा इस दुर्गम मार्ग पर सौरऊर्जा से संचालित लाइट लगवाई गई थी जो प्रारंभ में तो बहुत अच्छे से रास्ते को प्रकाशित कर रही थी परन्तु प्रशासनिक निष्क्रियता एवं देख रेख के अभाव में अब आलम यह है कि मार्ग को रौशन करने के लिए लगाए गए 147 पोल में से केवल 16 ही चालू है और वह भी मंदिर के आस पास 4.50 किलोमीटर के रास्ते पर लाइट के नाम पर सिर्फ पोल खड़े हैं। प्रशासन अगर अभी भी इसकी सुध ले तो मां मड़वारानी के दरबार देर शाम आने जाने वाले भक्तों को जंगली जानवरों से नुकसान झेलना पड़ सकता है।

## इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन से 1320 मेगावाट क्षमता के विस्तार संयंत्र के लिए हुआ ऋण अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य पहले से भी ज्यादा आत्मनिर्भर बनने को अग्रसर है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की 1320 मेगावाट क्षमता वाली कोरबा सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी द्वारा इंडियन रेलवे फाइनेंस कार्पोरेशन से 12 हजार 640 करोड़ रुपये का ऋण अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी एवं इंडियन रेलवे फाइनेंस कार्पोरेशन के इस अनुबंध के तहत विद्युत कंपनी की ओर से संदीप मोदी, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं सीएल नेताम कार्यपालक निदेशक परियोजना एवं आईआरएफ सी की ओर से नव गोयल (महाप्रबंधक) द्वारा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। लंबी अवधि एवं कम दरों पर प्राप्त ऋण से परियोजना को वित्तीय स्थिरता प्राप्त होगी। परियोजना को समय पर पूर्ण करने में मदद मिलेगी। जिससे अंततः प्रदेश की जनता को फ़ायदा होगा। इस मौके पर कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव द्वारा देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करने पर प्रतिबद्धता जाहिर की गई। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, डॉ.रोहित यादव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, आरके शुक्ला, भीम सिंह कंवर उपस्थित थे। इस कार्य को गति देने के लिये वित्त व्यवस्था का कार्य तेजी से किया जा रहा था, जिसमें महत्वपूर्ण सफलता मिली और ऋण अनुबंध निष्पादित किया गया।

### खास बातें

- रेलवे फाइनेंस कार्पोरेशन से 12 हजार 640 करोड़ का मिलेगा ऋण
- विस्तार संयंत्र परियोजना के कार्यों में आएगी तेजी


अनुबंध के दौरान विद्युत कंपनी व रेलवे फाइनेंस के अधिकारी।

### 1340 से 2660 होगी विद्युत उत्पादन क्षमता

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी जिले में पहली सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर परियोजना (एससीटीपीपी) स्थापित कर रही है। यह परियोजना जिले में स्थित हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीएस) की विस्तार परियोजना का हिस्सा है। इस संयंत्र में पहले ही 1340 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। 660 मेगावाट क्षमता वाले 2 नई इकाईयों के स्थापना के बाद 1320 मेगावाट क्षमता का विस्तार होगा, जिसके बाद इस संयंत्र की विद्युत उत्पादन की क्षमता 2660 मेगावाट हो जाएगी, जो छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की सबसे अधिक विद्युत उत्पादन क्षमता वाला संयंत्र होगा।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रमेश सिंह, राजेन सिंह, रामेश्वर सिंह पिता स्व. मसत राम जाति कंवर साकिन जपेली तहसील दीपका के द्वारा ग्राम जपेली प.ह.न. 59 तहसील दीपका में आवेदकगण के नाम पर शामिल खाता की भूमि ख.न. 15/1, 15/3, 180, 185. 292/3 कुल रकबा 0.770 हे. भूमि स्थित है। आवेदकगण द्वारा अपने जीवन काल में उक्त भूमि में से रकबा 1.00 ए. अनावेदक ना.बा. अनुराग सिंह पिता राजेन सिंह को स्वेच्छा से देते हुए शेष भूमि को आवेदकगण के नाम पर यधावत्त रखते हुए खाता विभाजन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 10/10/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 18/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रमेश सिंह, राजेन सिंह, रामेश्वर सिह पिता स्व. मसत राम, मुगा बाई, मालती जानती पिता स्व. मसतराम फूलबाई पति स्व. मसतराम जाति कंवर साकिन जपेली तहसील दीपका के द्वारा ग्राम जपेली प.ह.न. 59 तहसील दीपका में आवेदकगण के नाम पर शामिल खाता की भूमि ख.न. 26/4, 58/2, 74/3, 93/1, 93/2, 183/2, 206, 286/2, 287/10, 294/4, 416/2, 432/2 516, 674/1, 698/10, 27/3, 27/4, 67/1घ कुल रकबा 2.000 हे. भूमि स्थित है। आवेदकगण क्र. 1 से 3 तक के द्वारा अपने जीवन काल में अपने अपने पुत्रों अनावेदकगण अविनाश कुमार पिता रमेश सिंह, ना.बा. देवराज सिंह कंवर पिता राजेन सिंह कंवर, ना.बा. समीर कंवर पिता रामेश्वर सिंह को 1.00-1.00 एकड भूमि देते हुए बचत शेष भूमि को आवेदकगण के नाम पर यथावत रखते हुए खाता विभाजन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 10/10/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 18/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमति राजकुमारी त्रिपाठी उम्र 90 वर्ष पति स्व सी० एल० त्रिपाठी निवासी म०क० 169 वार्ड कमांक 39 शांति नगर बालको कोरबा (छ.ग.) की होकर निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँः-

1) यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ, और मेरा आ.क्र. 3031 9757 6083 है।

2) यह कि मेरे पति सी०एल० त्रिपाठी/ छेदालाल त्रिपाठी, सेना में कार्यरत थे उनका निधन दिनांक 25-5-2025 को हो गया है उनका पी पी ओ नं. 601196400079 है ।

3) यह कि मेरे स्व पति सी०एल० त्रिपाठी/छेदालाल त्रिपाठी के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम राजकुमारी दर्ज है, सरनेम त्रिपाठी दर्ज नहीं है।

4) यह कि वर्तमान में मेरे सभी शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम राजकुमारी त्रिपाठी दर्ज है। राजकुमारी एवं राजकुमारी त्रिपाठी दोनों नाम एक ही महिला का नाम अर्थात मेरा ही नाम है।

5) यह कि यह शपथ पत्र राजकुमारी एवं राजकुमारी त्रिपाठी दोनों नाम एक ही महिला होने के संबंध में एयरफोर्स कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना है।

**शपथकर्ता**
**श्रीमती राजकुमारी त्रिपाठी**

**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप

### पीएम सूर्यघर योजना के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कोरबा वृत्त के कटघोरा संभाग स्थित अग्रसेन भवन में 29 सितम्बर को सुबह 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक दिवसीय शिविर का आयोजन एवं रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता बी. के. सरकार ने कोरबा वृत्त के सभी सोलर पॉवर प्लांट वेंडरर्स एवं पॉवर कंपनी के अधिकारी व कर्मचारियों को इस शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने तथा आम विद्युत उपभोक्ताओं को शिविर में उपस्थित होकर सोलर प्लांट के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने एवं स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है।

### तनेरा में हाथियों ने रौंदी फसल

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पसान रेंज अंतर्गत तनेरा सर्किल में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। तीन झुंडों में बंटे हाथियों ने बीती रात क्षेत्र में उत्पात मचाते हुए गौरेलाडांड, तनेरा समेत अन्य गांवों में 15 किसानों की फसल को या तो रौंद दिया या पूरी तरह चट कर दिया है जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। साथ ही उनकी मेहनतों पर भी पानी फिर गया है। हाथियों का झुण्ड क्षेत्र में कई दिनों से डेरा डाला हुआ है। पहले क्षेत्र में मौजूद 54 हाथी एक साथ विचरण कर रहे थे लेकिन दो दिनों से तीन झंडों में बंट गए हैं और लगातार उत्पात मचा रहे हैं। एक झुंड में हाथियों की संख्या 41 है जबकि दो अन्य झुंडों में क्रमशः 11 व दो हाथी हैं। इनमें दो दंतैल हाथी झंड के किनारे-किनारे विचरण कर रहे हैं। ये हाथी बीती रात खेतों में उत्पात मचाने के बाद गौरेलाडांड स्थित नाला के पास पहुंच गए हैं जबकि 41 हाथियों का झुण्ड इसी गांव के जंगल में विचरणरत हैं।

## निधन

### श्रीमती डॉ.दीप्ति पटनायक



**कोरबा।** श्रीमती डॉ.दीप्ति पटनायक सेवानिवृत्ति ग्रंथपाल शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा का शनिवार को मध्य रात्रि 2 बजे निधन हो गया। रविवार को उनके शरीर को उनके निवास स्थान लाया गया, जिनका अंत्येष्टि कार्यक्रम 29 सितंबर को उनके निवास कटहल गार्डन महाराणा प्रताप नगर से पोड़ीबहार मुक्तिधाम 1 बजे ले जाया जाएगा। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गई हैं।

संयंत्र के तीसरे विस्तार परियोजना की तैयारी शुरू, खरीदे जा रहे उपकरण

# कोरबा पॉवर लिमिटेड के 3 एवं 4 नम्बर इकाई की कमीशनिंग अगले साल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पॉवर लिमिटेड के विस्तार परियोजना की तीसरी और चौथी इकाई को पूरा करने का कार्य तेजी से चल रहा है। बताया गया है कि 2026 में 1320 मेगावाट क्षमता वाली दोनों इकाइयां उत्पादन में आ जाएंगी। अधिग्रहण के दौरान दूसरे फेज की विस्तार परियोजना की 1320 मेगावाट क्षमता वाली 3 एवं 4 नम्बर इकाई का कार्य रूका हुआ था। कोरबा पॉवर लिमिटेड का प्रबंधन हाथ में लेते ही 1320 मेगावाट क्षमता वाली इकाइयों को पूरा करने के काम में तेजी लाई गई।

उल्लेखनीय है कि जिले के पताड़ी में स्थित लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड के विद्युत संयंत्र का अडानी पावर लिमिटेड द्वारा अधिग्रहण किया गया है।


फाइल फोटो

अधिग्रहण करने के बाद संयंत्र को कोरबा पावर लिमिटेड नाम दिया गया। सूत्रों की मानें तो 660 मेगावाट क्षमता वाली 3 नंबर इकाई की कमिशनिंग मार्च 2026 में कर ली जाएगी। 660 मेगावाट क्षमता वाली 4 नम्बर इकाई की कमिशनिंग दिसम्बर 2026 तक होगी। 3 एवं 4 नम्बर की इकाई की कमिशनिंग के बाद कोरबा पावर लिमिटेड की उत्पादन क्षमता बढ़कर 1920 मेगावाट हो जाएगा। 300-300 मेगावाट क्षमता वाली दो इकाई से पहले से प्रचालन में है। दूसरी ओर अडानी पॉवर लिमिटेड ने तीसरे फेज की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। तीसरे फेज में कोरबा पॉवर लिमिटेड परिसर में 800 मेगावाट क्षमता वाली 4 एवं 5 नम्बर इकाई स्थापित की जाएगी। दोनों इकाइयां अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगी। अडानी पॉवर लिमिटेड ने मुख्य संयंत्र उपकरणों का ऑर्डर भी दे दिया है। तीसरा चरण पूरा होने के बाद कोरबा पॉवर लिमिटेड की विद्युत उत्पादन क्षमता 3520 मेगावाट हो जाएगी।

## मासूम को सर्प ने डंसा, अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

11 वर्षीय मासूम को देर रात जहरीले सर्प ने डस लिया उसके परिजनों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाने की बजाय उसे जड़ी बूटी खिला दी और उसे सुबह अस्पताल पहुंचाया गया तब तक उसकी तबीयत बिगड़ चुकी थी और जब मेडिकल कॉलेज पहुंचा तो तब तक उसकी जान जा चुकी थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला जिले के जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेरई की है। यहां निवासरत ओमप्रकाश सरोठिया 11 वर्ष पिता शिवमान सरोठिया जटगा के ग्राम मेरई में अपने जीजा के घर रहकर कक्षा पांचवी की पढ़ाई कर रहा था। बताया जाता है कि बीती रात को जब ओम प्रकाश सोया हुआ था तो इस दौरान किसी जहरीले सर्प ने ओमप्रकाश को डस लिया उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाने की बजाय जड़ी बूटी का सहारा लिया और ओमप्रकाश को जड़ी बूटी खिला दिया। इसके उपरांत रविवार की सुबह उसे उपचार के लिए जटगा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे तब तक उसकी तबियत बिगड़ चुकी थी जहां चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां परिजनों द्वारा ओमप्रकाश को मेडिकल कॉलेज लाया जा रहा था कि बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई और मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत ओम प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। यदि समय रहते ओमप्रकाश को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया जाता तो संभवतः उसकी जान बचाई जा सकती थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शहर के बाद अब गांव में धर्मांतरण का आरोप, बजरंग दल ने किया विरोध


धर्मांतरण की सूचना पर जुटे बजरंग दल के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार धर्मांतरण का दौर चल रहा है। एक गांव में एक युवक के घर में धर्मांतरण की सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर जा पहुंचे थे और जमकर हंगामा हुआ था। हंगामा की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जिसके बाद पुलिस ने मामले को किसी तरह शांत कराया। देर शाम तक इस मामले में पुलिस ने किसी तरह का अपराध दर्ज नहीं किया है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकेजा के कलमीभाठा में सामने आया है। यहां एक घर में कथित तौर पर गुपचुप तरीके से प्रार्थना का आयोजन चल रहा था, जिसका ग्रामीणों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह केवल धार्मिक प्रार्थना नहीं, बल्कि धर्मांतरण का खेल चल रहा था। बजरंग दल को इसकी सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञात रहे कि कुछ दिन पहले ही शहर के पथर्रीपारा में धर्मांतरण को लेकर जमकर हंगामा हुआ था और पुलिस ने इस मामले में अपराध भी दर्ज किया था।

## दुकान में निकला कोबरा, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एक दुकानदार के दुकान में एक कोबरा फन फैलाए टोकरी में दिखाई दिया। दुकानदार ने इसकी सूचना नोवा नेचर संस्था के जितेंद्र सारथी को दिया गया जिस पर सारथी ने थोड़ी देर में टीम को भेजने की बात कही, फिर कुछ देर बाद नोवा नेचर के सचिव मोइज एहमद और बबलू मारवा उस दुकान में पहुंचे और बड़ी सावधानी से प्लास्टिक के बकेट को काटा गया और कोबरा सांप को बाहर निकालकर सुरक्षित प्राकृतिक रहवास जंगल में छोड़ दिया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

